


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 176 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 09 अप्रैल 2024 | मूल्य 2 रुपया



## नववर्ष से लेकर रामनवमी तक सोने की वस्त्र धारण करेंगे प्रभु श्रीराम

**अयोध्या, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से श्री रामनवमी तक भगवान श्री रामलला सरकार का वस्त्र विशेष होने वाला है। इस खास मौके पर अयोध्या में राम लला को विशेष प्रकार के वस्त्र पहनाए जाएंगे। इस विशेष वस्त्र को हाथ से बुना गया है। इसे हाथ से काते गए खादी सूती धागे से तैयार किया गया है। इसे असली सोने की खादी (खड्डी) हाथ ब्लॉक प्रिंट से सजाए गए हैं। इसमें डिजाइन के तौर पर प्रयुक्त ब्लॉक प्रिंट को वैष्णव चिन्ह से प्रेरित होकर तैयार किया गया है।

बता दें कि बीते 500 सालों में पहली बार अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी का पर्व बेहद धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सारी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। ये काम दोपहर को ठीक उस वक्त किया जाएगा, जब प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था।




# अब नहीं जला सकेंगे खेतों में नरवई

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश, अदा करना होगा मुआवजा

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** खेतों में नरवई अर्थात पराली जलाने से जमीन की उपजाऊक्षमता पर विपरित असर पड़ रहा है। इसको लेकर जनता के अपने दैनिक गुरु एक्सप्रेस ने 8 अप्रैल के अंक में हार्वेस्टर ने बढ़ाए सूखले के दाम..शीर्षक से एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद कलेक्टर ने नरवई को खेतों में जलाने पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। आदेश के उल्लंघन पर मुआवजा अदा करना होगा।

प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में रबी की कटाई के पश्चात खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बता दे कि रबी कटाई के बाद किसान खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाते हैं। इससे मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व एवं मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, साथ ही जमीन बंजर होती है। नरवाई जलाने से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। इसका मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खेतों मे लगाई जाने वाली आग अनियंत्रित होने से रहवासी बस्तियों में भी आग फैलने की आशंका रहती है।

होगी कार्रवाई...

आदेश के अनुसार अगर नरवई खेतों में जलाई जाती है तो नेशल ग्रीन ट्रिब्युनल के अनुसार मुआवजा अदा करना होगा। जिसमें एक एकड़ या उससे कम भूमि धारक को ढाई हजार रुपए प्रति घटना, दो एकड़ या उससे अधिक लेकिन पांच एकड़ से कम भूमि धारक को पांच हजार रुपए प्रति घटना और पांच एकड़ से अधिक भूमि धारक को पद्रह हजार रुपए प्रति घटना मुआवजा अदा करना होगा।

## व्हाटसएप से धोखाधड़ी, पौने दो लाख रूपए से ठगाया युवक

**नाहरगढ़, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नगर में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। युवक से आरोपियों ने 1 लाख 73 हजार 875 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर डाली। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल नम्बर और खाता धारकों के खिलाफ साइबर ठगी का मामला दर्ज किया है। फरियादी ने फ्लिपकार्ट कम्पनी से खरीदी की थी। इसकी एक लिंक से फरियादी के बैंक से पौने दो लाख रूपए की ठगी हो गई।**



जानकारी के मुताबिक अनमोल पिता अनिल धनोतिया उम्र 21 साल निवासी नाहरगढ़ ने शिकायत दर्ज करवाई की। उसने फ्लिपकार्ट कंपनी की साइट से खरीदी की थी। जिसकी डिलीवरी उसे लेना थी। 12 मार्च को उसे मोबाइल नम्बर 9672027782 के व्हाटसएप से एक लिंक प्राप्त हुई। जिसे क्लिक करने पर उसका मोबाइल हैक हो गया। देर रात उसके बैंक अकाउंट से 89 हजार 500 रुपए कट गए। फरियादी ने इसकी शिकायत बैंक के टोल फ्री नंबर पर दर्ज करवाई। इसके बाद 13 मार्च को उसके टेलीग्राम अकाउंट पर एक और मैसेज आया। ठग ने एक लिंक भेजी, जिसमें बताया कि उसके फ्लिपकार्ट पर डिडक्ट रुपए जमा है, इसे वापस पाने के लिए टैक्स जमा करें। इसके लिए आरोपी ने दो अकाउंट नम्बर भी दिए। फरियादी ने अपने दोस्त के अकाउंट से 84 हजार 375 रुपए जमा करवाए। इसके बाद ठग और रूपए की मांग करने लगा, तब फरियादी को धोखाधड़ी का पता चला। लेकिन, तब तक फरियादी 1लाख 73 हजार 875 रुपए से हाथ धो चुका था। मामले में नाहरगढ़ पुलिस ने अज्ञात मोबाइल और खाता धारक बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## तेज गरमी से हलाकान, तीन दिन बारिश की संभावना

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को तेज धूप के



चलते गरमी से लोग हलाकान रहे। जबकि, अंचल में अगले दो-तीन दिन हवा और बारिश का दौर रह सकता है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब अप्रैल माह मे साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से स्ट्रॉन्ग सिस्टम की एक्टिविटी बन रही है।

सोमवार सुबह से मौसम साफ बना रहा। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार, 9 अप्रैल को हवाओं के साथ जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 10 अप्रैल को कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। 11 अप्रैल को भी मौसम बदल सकता। मौसम विभाग के मुताबिक- बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में प्रति चक्रवाती हवाएं सक्रिय हैं। वहीं, एक के बाद एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर प्रदेश के ऊपर सक्रिय है। राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है। इस कारण अरब सागर से नमी लेकर हवाएं आ रही हैं। बंगाल की खाड़ी से भी हवाएं नमी लेकर आ रही है। इस वजह से प्रदेश का मौसम भी बदला है। 11 अप्रैल तक लगातार बारिश, ओले और तेज हवा चलने का अनुमान है। 13-14 अप्रैल को दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस और एक्टिव होंगे। इस वजह से मौजूदा सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होगा। रेड अलर्ट वाले जिलों में बारिश, ओले व आंधी का असर ज्यादा रहेगा।

# चैत्र नवरात्रि आज से, चेटी चंड कल




**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आज मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से छह योगों में नवरात्र की घट स्थापना होगी। शक्ति की भक्ति के पर्व की शुरुआत लक्ष्मीनारायण योग, गजकेसरी योग, अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। मंगलवार के दिन इस संवत की शुरुवात होने से मंगल इस संवत के राजा तथा मंत्री शनि होंगे। इसी दिन न्याय शास्त्र के निर्माता महर्षि गोतम की भी जयंती है। नौ दिनों तक विशिष्टयोगों में मातारानी की आराधना होगी। जबकि, इस बार चेटी चंड का पर्व कल अर्थात बुधवार को मनाया जाएगा। देश भर में सिंधी समाज द्वारा चेटी चंड उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

इस वर्ष चैत्र नवरात्र के 9 दिन बेहद अद्भुत योग का संयोग बन रहा है। जिससे भक्तों को माता रानी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा, देवी पूजन सफल होगा। एक श्लोक के अनुसार नवरात्र की शुरुआत जिस वार से होती है, उस वार के अनुसार देवी मां अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर धरती लोक आती हैं। इस वर्ष अश्व पर सवार होकर मां आ रही है। 17 अप्रैल को राम नवमी पर विदाई होगी। ज्योतिर्विदों के अनुसार प्रतिपदा रात्रि 8.31 मिनट तक रहेगी। इसदिन चतुर्थ योग लक्ष्मीनारायण, गजकेसरी, अमृतसिद्धि व सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। उच्च का सूर्य, शुक्र और स्वग्रही शनि अच्छे सत्ता, व्यापार और भूमि भवन के शुभ संयोग बनाएंगे। देवी मां की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होंगी और देश-दुनिया की अशांति खत्म होगी, व्यापार बढ़ेगा और जनता को सुख मिलेगा।

**[ नौ दिन तक विशिष्ट योगों में होगी माता की आराधना ]**

### देवी पूज के साथ ही इन कार्यों के लिए शुभ है चैत्र नवरात्र...

इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती, नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं। इस बार नवरात्र के शुरुआती पांच दिन यानी 9-13 अप्रेल खरमास रहेंगे, जिसमें शुभ काम नहीं होते न ही शुभ चीजों की खरीदारी की जाती है। लेकिन, 14 अप्रेल से नवरात्र के समापन तक ऐसे मुहूर्त बन रहे हैं, जिसमें प्रॉपर्टी, ज्वैलरी, गाड़ियों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी की जा सकती है।


### नववर्ष की शुरुआत धनु लग्न में...

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 8 अप्रेल को रात्रि 11 बजकर 50 मिनट पर शुरू होकर 9 अप्रेल को रात 8 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। 9 अप्रेल को रेवती नक्षत्र प्रात: 7.31 बजे तक और इसके बाद अश्विनी नक्षत्र लगने वाला है। इस दिन स्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्ध योग भी बन रहे हैं, जिनमें घट स्थापना करके देवी की उपासना करने का अक्षय फल प्राप्त होगा। धनु लग्न में नवचन्द्र वर्ष की शुरुआत होगी।

## ईमली के पेड़ से गिरा युवक, मौत

**मनासा, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा के जन्नोद गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई। जब गांव के बाहर स्थित एक इमली के विशाल पेड़ के नीचे एक युवक का शव लोगों को पड़ा मिला। दरअसल गांव का ही रहने वाला रमेश पिता प्रभु लाल उम्र 40 वर्षीय शाम को अपने घर वालों से यह कहकर निकला था कि वह इमली तोड़ने जा रहा है। मगर रात को वह घर नहीं लौटा। जब, परिजन उसकी तलाश करने निकले तो उन्हें इमली के पेड़ के नीचे युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी खबर लगते ही गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव रामपुरा के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक जब इमली तोड़ने पेड़ पर चढ़ा होगा तो काफी उंचाई से गिरकर वह गंभीर घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।






# लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दल कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न



**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मंदसौर संसदीय क्षेत्र में मतदान को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी एवं अन्य सहयोगी मतदानदल कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा दो पालियो में प्रशिक्षण दिया गया। उक्?त प्रशिक्षण में अलग-अलग विकासखण्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान दल की नियुक्ति, मतदान दल के कर्तव्य व दायित्वों एवं कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही मतदानदल कर्मियों को मतदान सामग्री प्राप्ति जैसे- इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट मशीन, मतदाताओं का रजिस्टर, निर्वाचन नामावली की चिहिन्त प्रतिया, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा प्रारूप, नामावली की अतिरिक्त प्रतियां, ग्रीन पेपर सील, स्ट्रीप सील, संविधिक प्रारूप, सिलिंग बैक्स व अन्य सामग्रीयों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम व वीवीपैट का हेण्ड आन प्रशिक्षण भी दिया, निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक ईव्हीएम, वीवीपैट के संचालन के बारे में विस्तार से पीठासीन अधिकारी एवं अन्य सहयोगी मतदानदल कर्मियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान केन्द्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली तैयारियाँ जिसमें मतदान के लिए वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली व्यवस्था एवं मतदान केंद्र के 100-200 मीटर की परिधि में की जाने वाली व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं अन्य कर्मियों के कार्य व अधिकार से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार माकपोल किया जाए, मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान किस प्रकार सुनिश्चित करें। मतदान के दिन मतदाता के अतिरिक्त कौन-कौन से लोग प्रवेश कर सकते हैं उनके पास कौन से दस्तावेज होना आवश्यक है, मतदाता की पहचान किस प्रकार की जाये। नि:शक्त मतदाता किस प्रकार मतदान कर सकेंगे इत्यादि आवश्यक बिन्दुओ के बारे में विस्तार से बताया गया। मतदान समाप्ति के बाद किस प्रकार ईव्हीएम एवं वीवीपैट को मोहर बंद कर स्ट्रांग रूम में जमा कराना एवं साथ ही अन्य आवश्यक दस्तावेजो को किस प्रकार जमा किया जाना हैं उसकी महत्वपूर्ण जानकारियों से मतदानदल कर्मियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मतदान दल कर्मियों को लोक सभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि लोकसभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कर सकें।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगता आयोजित

**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्वो-सहायता समूह द्वारा जन शिक्षा केंद्र स्तर पर फूड प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में जनपद शिक्षा केंद्र नीमच पर 11 समूहों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह को कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जनपद शिक्षा केंद्र के श्री योगेश कंडारा एवं मध्यान्हए भोजन प्रभारी श्री बी.एल.जादम, प्राचार्य श्री बालकृष्ण बनौदा उपस्थित थे। अन्नपूर्णा सोसाइटी समूह को प्रथम स्थान जय बालाजी स्वा-सहायता समूह, द्वितीय स्थान शीतला माता स्व सहायता समूह को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## भोपाल, सागर, उज्जैन अंडर 18 गर्ल्स का वनडे डिवीजन मैच कल से

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव के निर्देशानुसार 18 डिविजन वन डे मैच गर्ल्स का आयोजन नूतन मैदान पर 10 से 12 अप्रैल 2024 तक को प्रात: 9 बजे से मैच आयोजित किए जा रहे हैं आप सभी उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान करें।



## छोटी माता एवं रूबेला मुक्त नीमच के लिये सभी एकजुट होकर प्रयास करें-गुरूप्रसाद

### जिपं सीईओ ने एमआर उन्मूलन समीक्षा बैठक में दिए स्वास्थ्य अमले को निर्देश

**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुरूप्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग की एम.आर.उन्मूलन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिए है, कि छोटी माता एवं रूबेला मुक्त नीमच के लिए सभी एकजुट होकर प्रयास करें विशेकर स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला विशेष जांच अभियान चलाकर टीकाकरण कार्य सम्पन्न करें।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने बताया, कि शोध के अनुसार प्रति चौथे वर्ष खसरा एक माहमारी का रूप धारण करता है, इसी अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में खसरे का रोग के बढने की संभावना के चलते इसकी रोकथाम के लिये विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाए। बचों को एम.आर.1 एवं एम.आर.2 के टीके अनिवार्य रूप से लगवाए। आशा कार्यकर्ता सटीक हेड काउंट सर्वे कर टीकाकरण से वंचित बचों की सूची तैयार कर ए.एन.एम. को उपलब्ध कराये तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता सर्वे के आधार पर विशेष जांच अभियान के तहत टीकाकरण सत्र आयोजित करे। सत्र स्थल पर सभी कर्मचारी बचों को मोबिलाईज करने का काम करे। जिस गावं में 95 प्रतिशत से कम उपलब्धी है, वहॉ सेक्टर सुपरवाईजर सघन मानिटरींग का कार्य करे। समीक्षा बैठक मे विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ.रितेश बजाज ने बताया, कि खसरा रोग अभी भी जानलेवा घातक एवं तेजी से फैलने वाला रोग है तथा नीमच जिले के कुछ क्षैत्रों में भी इसका आउटब्रेक होने की सूचना प्राप्त हुई है, इसको देखते हुए इसके बचाव के लिये व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.एल.सिसोदिया ने बताया, कि जिस प्रकार हमने टीकों के माध्यम से स्मालपाक्स, पोलियों, मातृ एंव शिशु टीटनेस बीमारी का अंत किया है, उसी प्रकार मीजल्स एवं रूबेला का भी अंत करेंगे। इसके लिये 9 माह से 5 वर्ष के प्रत्योक बचे को एम.आर.के 2 टीके देकर उनको इस बिमारी से बचाऐं। डॉ.सिसोदिया ने बताया, कि यदि स्कूल या आंगनवाडी में किसी बचें को दानेदार बुखार है, तो बचें को निगरानी मे रखे तथा इसकी सूचना संबन्धित ए.एन.एन.को अवश्य दें।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस अभियान के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय मंदसौर में कार्यशाला के साथ रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार और विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस की थीम सुखी मुंह ही सुखी शरीर पर रंगोली व पोस्टर बनाकर शारीरिक एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान से जुडने का संकल्प दिलाया गया।

यह जानकारी देते हुए पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय मंदसौर में रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नर्सिंग छात्राओं ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार और विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस की थीम सुखी मुंह ही सुखी शरीर पर शानदार रंगोली एवं पोस्टरों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान से जुडने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय मंदसौर के दंतरोग विभाग के चिकित्सक डॉक्टर आशीष वर्मा, डॉक्टर मीता पाटीदार, डॉक्टर ब्रजभूषण पटेल तथा डॉक्टर किन्जल्क पेठिया ने नर्सिंग छात्राओं का मुख परीक्षण कर दंतरोग और उनके उपचार के बारे में बताते हुए तंबाकू सेवन से मुख स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य पर होने वाले हानिकारक प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें रोकने और मुंह की देखभाल व ब्रश करने का सही तरीका बताया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जीएस चैहान, नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य श्री मसीह आदि मौजूद थे।



## बालाजी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदानियों रामटेकरी सुदामा नगर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर वहां साफ-सफाई की। वहां व्याप्त कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में फेंका गया और पेड़ पौधों की क्यारियों को साफ किया तथा मंदिर परिसर को पानी से धोया गया। यहां सफाई अभियान मंदिर के प्रबंध ट्रस्टी दिनेश पोरवाल के सानिध्य में किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्टी दिनेश पोरवाल ने कहा कि हर वर्ष हनुमान जयंति पर यहां भण्डारा होता है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते है। सुबह से शाम तक गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने अपना अमूल्य समय निकालकर मंदिर को साफ सुथरा किया है जो सराहनीय है। हर्ष शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में मंदिर में दर्शन करने से ज्यादा वहां की साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिये। जैसे हम अपने घर को साफ स्वच्छ रखते है ऐसे ही सार्वजनिक स्थानों एवं मंदिरों को भी साफ रखना चाहिये। रमेश सोनी ने कहा कि हमें अपने आसपास व अपने वार्ड में स्थित मंदिरों की नियमित साफ सफाई करना चाहिये। योगेशसिंह सोम ने कहा कि मंदिर में हमारे देवी देवता विराजमान है। यहां से ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे स्थान को गंदा नहीं रखना चाहिये। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी श्रमदान कर सफाई करना चाहिये जिससे मन स्वच्छ और शरीर स्वस्थ रहता है। आपने कहा कि यहां के मंदिर की व्यवस्था अच्छी बनी हुई है। यहां के ट्रस्टी दिनेश पोरवाल समय निकालकर यहां कार्य किया जाता है। ऐसे व्यक्ति की ही समाज को आवश्यकता है। सेवानिवृत्त कोषालय अधिकारी बी.एल. चौहान ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अच्छे कार्य में पेंशनरों को भी सहयोग करना चाहिये। बगीचों व मंदिरों में जाने के साथ ही वहां स्वच्छता बनाये रखना भी हमारा कर्तव्य है। हम बदलेंगे तो युग बदलेगा ऐसी सोच के साथ कार्य करना चाहिये। जिससे आने वाली पीढ़ी को भी सीख मिले। इस अवसर पर रमेश सोनी, नालछा माता ट्रस्टी हर्ष शर्मा, योगेशसिंह सोम, सेवानिवृत्त कोषालय अधिकारी बी.एल. चौहान, समाजसेवी दिनेश पोरवाल, संजय चन्द्रावत, विनोद सक्सेना, रमेशचन्द्र गुप्ता आदि ने श्रमदान किया।



## सुरेश भाटी मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिये मीडिया प्रभारी नियुक्त

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी को मिडीया समन्वय हेतु मंदसौर लोकसभा के लिये मिडीया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतु पटवारी की सहमति से मिडीया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक ने श्री सुरेश भाटी की नियुक्ति मंदसौर-जावरा संसदीय क्षेत्र के लिये करते हुये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। श्री नायक ने भाटी की नियुक्ति करते हुये उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस के लिये नियुक्त प्रभारी श्री चरणजीतसिंह सपरा के आतिथ्य में आयोजित बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी हेतु निर्देश प्रदान किये है।



श्री भाटी ने निरंतर भरोसा जताने के लिये मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतु पटवारी, मिडीया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक एवं मिडीया विभाग के मुख्य सलाहकार श्री केके मिश्राजी के प्रति हृदय से आभार मानते हुये पूर्ण उर्जा के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

## सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह उमंग व उत्साह के साथ बसंत विहार स्थित समाज की धर्मशाला में मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्री दिनेश जोशी, वरिष्ठ सदस्यगण ओमप्रकाश व्यास, राधेश्याम शर्मा, बंशीलाल जोशी, शिवनारायण उपाध्याय, रामप्रसाद शर्मा ने गोविन्द माधव भगवान के चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज में एकता का सूत्रपात करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख-दुख में सहभागिता करने की बात कही।

इस अवसर पर समाज के युवा इकाई अध्यक्ष श्री विनोद व्यास व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हितेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ श्री रामकिशोर एडवोकेट का सम्मान किया।

कार्यक्रम में समाज संरक्षक राजेन्द्र शर्मा, महेश शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, भरत दुबे, अशोक जोशी, सदस्यगण पंकज शर्मा, शेलेन्द्र जोशी, डॉ. देवेन्द्र शर्मा, शिक्षक रमेशचन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, मुकेश शर्मा, तरूण शुक्ला, अमीत जोशी, योगेश भट्ट, अनुप जोशी, दिलीप शर्मा, नागेश्वर व्यास एडवोकेट, राहुल शर्मा, प्रफफुल पालरीया, अखिलेश शुक्ला, अनिरूद्ध शर्मा, गोविन्द व्यास, कमलेश जोशी, प्रितेश जोशी, राजेन्द्र रावल, राहुल ज्ञानी, दिपक जोशी, दिपक शुक्ला, आदि समस्त समाजजनों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी ने किया व आभार गोपाल शर्मा एडवोकेट ने माना।

## विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फूड प्रतियोगिता संपन्न

**मनासा, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोक सभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता विकासखंड स्तरीय फूड प्रतियोगिता कन्या शाला हॉल में संपन्न हुई जिसमें मनासा विकास खंड के 12 जन शिक्षा केंद्रों से चयनित 12 स्व सहायता समूहों ने भाग लिया समूहों ने तरह-तरह के लज़ीज़ व्यंजन बनाए व साथ ही खाद्यान्न की कची सामग्री हरी सब्जियां से मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे भी लिखे उक्त प्रतियोगिता में जनपद पंचायत सीईओ साहब श्री अरविंद सिंह डामोर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बी एल जावरिया एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री राजेंद्र कुणेचा के विशेष आतिथ्य में प्रतियोगिता संपन्न हुई। निर्णायक समिति के निर्णय के उपरांत चयनित प्रथम द्वितीय तृतीय समूह को प्रशंसा पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में तृतीय स्थान कन्या मनासा के शीतला माता स्व सहायता समूह ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान जन शिक्षा केंद्र रामपुरा गणेश स्व सहायता समूह रामपुरा ने प्राप्त किया है एवं प्रथम स्थान जन शिक्षा केंद्र पड़दा के जागृति स्व सहायता समूह ने प्राप्त किया है। सभी चयनित समूह को 15 अप्रैल 2024 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना है। प्रतियोगिता का संपूर्ण प्रबंधन एमडीएम प्रभारी गुणवंत तंवर एवं दिनेश सांखला के मार्गदर्शन में जन शिक्षक घनश्याम कारपेंटर, घनश्याम रावत, सतीश गुजराती ने किया।



## गणगौर के दो दिवसीय कार्यक्रम 11 से

**मनासा, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मनासा माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर के दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 11 अप्रेल गणगौर को विभीन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे रेट्रो थीम पर डांस और ड्रामा प्रतियोगिता ओर 12 अप्रेल को दोपहर 4 बजे बैंड बाजे के साथ गणगौर का बग्गी में नगर भ्रमण महिलाएं सुदामापुरी धर्मशाला से द्वारकापुरी धर्मशाला पहुँचेगी । आयोजित प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरित किये जायेंगे। उपरोक्त जानकारी माहेश्वरी महिला मंडल की सचिव संगीता अजय दरक ने दी।

## गणगौर पूजन के साथ हुई मतदाता जागरूकता

**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री दिनेश जैन, नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम सीईओ जिला पंचायत श्री गुरु प्रसाद के निर्देशन एवं जिला समन्वयक म.प्र. अभियान परिषद श्री वीरेन्द्रत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत एम एस डब्ल यू की छात्रा अर्चना तिवारी के द्वारा महाराणा बंगला नीमच में गणगौर पूजने आई महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया एवं अपने परिवार के सभी व्यस्क सदस्यों को प्रत्येत निर्वाचन में मतदान करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

## हिंदू नववर्ष पर शहर ब्लॉक कांग्रेस का आयोजन

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के अवसर पर गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा दिनांक 9 अप्रैल 2024 मंगलवार को प्रात: 9 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी चौराहा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन व वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ तोमर ने शहर कांग्रेस के मंडलम/सेक्टर अध्यक्षगण, बीएलए, जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीगण, पार्षद/पूर्व पार्षद गण, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण से आयोजन में साथियों सहित पधार कर सहभागिता करने की अपील की है।



## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने निरीक्षण किया

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी में जलकुंभी की समस्या बडती जा रही है। भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर से रामघाट तक भी इन दिनों जलकुंभी की समस्या देखने में आ रही है। यहां जलकुंभी नही फैले इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन, स्वच्छता सभापति दिपमाला रामेश्वर मकवाना के साथ शिवना नदी का निरीक्षण किया गया और पशुपतिनाथ महादेव मंदिर से रामघाट तक जो जलकुंभी फेले रही है उसे हटाने हेतु मौके पर उपस्थित नपा कर्मचारियो में चर्चा की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के निर्देश पर जलकुंभी हटाने का कार्य नपा कर्मचारियो के द्वारा प्रारंभ किया गया।

### हिन्दू नववर्ष विशेष- चेत्र शुक्ल प्रतिपदा

है हिंदू नववर्ष  
गुड़ी बनी पताका  
चंद्र तिथि प्रथम  
नीम पात चखें  
श्रीखंड मिश्री संग  
ब्रह्मा विष्णु पूजा  
धूप चंदन रोली  
मूंग दाल वडा बने  
घर-घर पूरन पोली  
नवरंग नई उमंग  
नव पात उत्कर्ष  
चेत्र शुक्ल प्रतिपदा  
है हिंदू नववर्ष।



नदकिशोर राठोर, मंदसौर

### नवा साल में सोगन लाँ

खुद को काम खुद कराँगाँ  
डील पे दानक्या नी पाराँगा  
निठल्लोपण कदी नी कराँगाँ  
आओ नवा साल में सोगन लाँ।  
दोगलापण नी कराँगाँ  
एकदूजा ने नी भिड़ावागाँ  
हक को वे उइज खावाँगा  
आओ नवा साल में सोगन लाँ।  
सोंप्यो काम मन ती कराँगा  
रिश्वत ती रिश्तो नी राखाँगाँ  
ठग विद्या ती नी कमावाँगाँ  
आओ नवा साल में सोगन लाँ।  
विक्रम संवत म्हाको नवो साल  
देश कायदा को राखाँ ख्याल  
हउ गेला पर बढ़ता चालाँगाँ  
आओ नवा साल में सोगन लाँ।

भगवती प्रसाद गेहलोत  
पिपलियामंडी

## सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो के नारों से गूंजा नीमच शहर

### पर्यावरण संरक्षण एवं शत-प्रतिशत मतदान की अलख जगाने कलेक्टर, एसपी निकले साईकिल पर, रैली सम्पन्न





**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत नीमच जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हांसिल करने तथा मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर, मतदान करने के लिए जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियान तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को नीमच में कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एस.पी.श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व में वृहद्ध मतदाता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण साईकिल रैली आयोजित की गई। इस रैली में सारे काम छोड दो-सबसे पहले वोट दो के नारों से नीमच शहर गूंज उठा। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया, जिला अधिकारियों ने साईकिल पर सवार होकर रैली में भाग लिया और साईकिल से नीमच शहर का भ्रमण कर, मतदाताओं को मतदान करने और पर्यावरण संरक्षण व ईधन बचाने का संदेश दिया। यह साईकिल रैली कलेक्टर निवास नीमच से प्रारम्भ होकर सी.आर.पी.एफ. चौराहा, लायन्स पार्क, विजय टॉकिज चौराहा, भारत माता चौराहा, पुस्तक बाज़ार, नया बाज़ार, घंटाघर, बारादरी, फव्वारा चौक, मैसी चौराहा, ग्वालटोली होते हुए कलेक्ट्रोरेट में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाने के साथ रैली का समापन हुई। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वंय सेवी संस्थामओ के प्रतिनिधियों, स्कूवल, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया और साईकिल चलाकर ईधन, पेट्रोल, डिजल की बचत के साथ ही पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने हरी झण्डी दिखाकर पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता रैली को कलेक्ट्र निवास से रवाना किया।


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 45 | 2105 | 2302 |
| उड़द | 7 | 4100 | 6701 |
| सोयाबीन | 4500 | 4000 | 4801 |
| गैहु | 12000 | 2200 | 3026 |
| चना | 908 | 5151 | 5751 |
| मसुर | 250 | 5500 | 6071 |
| धनिया | 500 | 5000 | 7150 |
| लहसुन | 18500 | 5000 | 22000 |
| मैथी | 19000 | 4200 | 6000 |
| अलसी | 3000 | 4600 | 5091 |
| सरसो | 2348 | 4400 | 4920 |
| तारामीरा | 1 | 4550 | 4550 |
| इसबगोल | 195 | 9700 | 13345 |
| प्याज | 1200 | 500 | 1800 |
| कलोंजी | 25 | 15800 | 18079 |
| डॉलर | 130 | 5500 | 9480 |
| तिल्ली | 000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 5 | 3752 | 4501 |
| असालीया | 39 | 6773 | 7373 |

### आपने क्या देखकर उपाधियों से नवाजा था राहुल जी...

# कमी आप में थी या कांग्रेस छोड़ने वालों में..?

**मंदसौर/ उज्जैन, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** डेढ़ दशक पहले कांग्रेस की जब से कमान राहुल गांधी के हाथों में पहुंची तभी से बहुत धीरे-धीरे कांग्रेस से पलायन और कमजोर होना शुरू हो गया था। अब तो दर्जनों के समूह बनाकर कांग्रेसी नेता अपनी मातृ संस्था को त्याग कर भाजपा में जा रहे हैं। कांग्रेस वक्तव्य जारी कर रही है कि सैकड़ो में गए हैं, भाजपा हजारों में बता रही है तो सूची जारी करें। इधर भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है किसी भी हालत में कैसे भी लोकसभा चुनाव जीतना। भाजपा सफल भी हो सकती है अपने उद्देश्य में, क्योंकि यह उसकी 10 वर्षीय कांग्रेस मुक्त भारत योजना का नतीजा है। परंतु जो नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ भाजपा में जा रहे हैं। वह कांग्रेस की दूरगामी कोई राजनीतिक योजना है या स्वेच्छा से निर्गम किया जा रहा है। कांग्रेस संगठन के नेता कुछ स्पष्टनहीं कर पा रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनों के बीच इतना जरूर कहा कि भाजपा में जाने वालों को बहुत कुछ दिया है, जो विचारधारा बदल रहे हैं उनका जाना शुभ भी हो सकता है कांग्रेस के लिए।



चन्द्रमोहन भगत

यह सही वाक्य है प्रतिष्ठा और ताकत का नुकसान हो जाने के बाद मन को संतुष्ट करने और गिरते मनोबल को संभालने के लिए। यह कांग्रेस में सतह पर सार्वजनिक घाट रहे दृश्य के संदर्भ में वाक्या है। खैर मुखिया होने के नाते राहुल गांधी का डिप्लोमेटिक जवाब या कथन यही सबसे उपयुक्त कहा जाएगा। क्योंकि, सभी कुछ सार्वजनिक सतह पर और देश से लेकर विदेश तक आम चुनाव के कारण इसकी चर्चा हो रही है। तब देखने सुनने और अच्छे से जानने वालों के मन में यह प्रश्न भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी इतने अपरिपक्व राजनेता है कि उनके आसपास के भरोसेमंद पदाधिकारी नेता जिन पर आंख मूंदकर भरोसा किया करते थे। उन्हें मलाईदार प्रभावशाली पद देने के पहले उनकी विचारधारा, काबिलियत विश्वसनीयता और नियत को किसी भी पैमाने पर परखा गया था ? या रखने में कोताही बरती गई थी! या अपने विशेष अधिकार के कारण ऐसे अपनो को पदों से नवाजा था। जैसा कह रहे हैं बहुत कुछ दिया था, तभी तो अब बचे हुए निष्ठावान और बगैर पदों पर काम करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए समीक्षको, राजनीतिको और विरोधियों के मन में यह यक्ष प्रश्न उठ रहा है कि राहुल गांधी ने किन विशेष गुणों के कारण ऐसे लोगों को उपकृत करते रहे थे, जो आज कांग्रेस छोड़कर एकदम उलट विचारधारा वाले दल में सहर्ष समावेश कर रहे हैं और एक दो नहीं राज्यों सहित सैकड़ो हजारों तक संख्या पहुंच चुकी है।

इसके पहले जब कांग्रेस की सरकार जाने लगी, नरसिम्हा राव के समय मिली जुली और उसके बाद यूपीए सरकार 10 साल चली थी। इसी दौरान जब राहुल गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री थे। गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजनीति में अपने स्थायित्व को आकर दे रहे थे। जिस तरह आज कांग्रेस से दल छोड़ रहे हैं, सभी राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेता तब कम्युनिस्ट दलों का भी देश में जलवा जलाल कायम था। पर किसी ने भी इस पावर क्रेजी नेतृत्व को पहचाना ही नहीं या नजरअंदाज करते रहे। क्योंकि, ऐसे सभी राजनेता तब लाभ के पदों पर विशेष अधिकारों से लैस थे। जिन्हें खुद के राजनीतिक पावर का नशा चढ़ा हुआ था। इसी नजरअंदाजी से मोदी सर्वशक्तिमान बन गए। कम्युनिस्ट तो नेस्तनाबूद हो गए और कांग्रेस भी सिकुड़ गई, राहुल गांधी भी बौने होते गए। अब उन्हें अपने ही जाते हुए उन नेताओं को इस उम्मीद में देखते रहना है की ....

**'उड़ने दो परिंदों को आजाद फिजाओं में ग़ालिब जो तेरे अपने होंगे लौट आएंगे।'**

राजनीतिक जगत में यह भी पूछा जाने लगा है कि कांग्रेस के युवराज जब से सिंहासन संभाल रहे हैं, तभी से कांग्रेस अर्श से धीरे-धीरे फर्श पर आती जा रही है और लगता है की अंतिम दौर से गुजर रही है। अब कांग्रेस का जो भी हश्र हो, इस लोकसभा चुनाव के पहले यह जरूर नजर आ रहा है कि कांग्रेस में जो कुछ घट रहा है। इस अनुभव के साथ अपनी पदयात्राओं के अनुभव के बाद संभव है कि राहुल गांधी अब कार्यकर्ताओं को परखने उनके विचारधारा के प्रति समर्पण को पैमानीत करने में माहिर हो चुके होंगे!

# नए साल की पूर्व संध्या पर निकली भगवा वाहन रैली, जय श्री राम के नारों से गूंजा शहर





**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा सोमवार को भव्य भगवा वाहन रैली का आयोजन किया गया। सोमवार शाम शहर के गांधी चौराहा विश्वपति महादेव मंदिर से वाहन रैली शुरू हुई तो पूरा शहर भगवा पताकाओं में सिमटा नजर आया। वाहन रैली में बड़ी संख्या में शहर व आसपास के हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल हुए। वहीं बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी अपने दो पहिया वाहन के साथ शामिल हुई। वाहन रैली मंगलामुखी किन्नर गुरु मां अनीता दीदी की अध्यक्षता व पपू पंडित श्री मिथिलेश जी नागर, श्री रामदासजी महाराज (तीन छतरी बालाजी वाले) एवं श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष श्री गुरदीप सिंहजी छाबड़ा के सानिध्य में शुरू हुई।

हिंदू उत्सव समिति के प्रवक्ता ने बताया कि हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल, मंगलवार को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा। इसके उपलक्ष्य में हिंदू उत्सव समिति मंदसौर द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम को वाहन रैली निकाली गई। रैली जिस भी मार्ग से निकली वह मार्ग युवाओं के हाथ में फहराती भगवा पताकाओं से पट गया। डीजे की धुन पर बजते गीत और युवाओं द्वारा लगाए जा रहे जोशीले जयकारों ने थोड़ी देर के लिए पूरा माहौल ही बदल दिया। शहर के जिन मार्गो से भी निकली ,वहां लोग देखते ही रह गए। हर जगह से रैली को गुजरने में लगभग आधा घंटा लगा। रैली में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी सहित नगर के धार्मिक ,सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। लगभग 2000 की संख्या में वाहन लेकर लोग रैली में शामिल थे। शहर में सोमवार को दोपहर 3:30 बजे के बाद से ही लोग गांधी चौराहा पर एकत्र होने लगे थे। शाम 4:00 के बाद गांधी चौराहे पर बनाए गए मंच से हिंदू उत्सव समिति के संयोजक अधिवक्ता भगवान सिंह चौहान के अलावा भागवत आचार्य पंडित मिथिलेश जी नागर ने संबोधित किया।

**श्रीराम रथ की अगुवाई में निकली भगवा वाहन रैली**–हिंदू उत्सव समिति के प्रवक्ता ने बताया कि वाहन रैली में सबसे आगे भगवान श्री राम का रथ चल रहा था। इसके पीछे बुलेट पर युवा व मातृशक्ति की टोली चल रही थी। महिलाएं भी सैकड़ो की संख्या में रैली में शामिल हुई। वाहनों पर पीछे बैठी मातृशक्ति ने भी भगवा पताकाएं हाथ में ले रखी थी। इनके पीछे भारत माता की रथ पर सवार थी। इसके पीछे बड़ी संख्या में हिंदू उत्सव समिति के युवाओं के अलावा बड़ी तादाद में लोग अपने दो पहिया व चौपहिया वाहन के साथ शामिल थे। प्रवक्ता ने बताया कि.यह वाहन रैली श्री विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा से प्रारंभ हुई और बीपीएल चौराहा, गुप्ता समोसा चौराहा, आनंद गरबा चौराहा, ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग से रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, भगवान महावीर मार्ग श्री कोल्ड चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड चौराहा, नयापुरा रोड़, श्री वरुणदेव मंदिर शुक्ला चौक, गणपति चौक जनकुपुरा बड़ा चौक ,वीर सावरकर सेतु ,मुंडी गेट, आजाद चौक घंटाघर, बस स्टैंड बालाजी मंदिर होते हुए पुन: विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पर पहुंची जहां 7.15 बजे रैली का समापन हुआ।

## कलेक्टर के निर्देश से बड़े अस्पताल के एक डॉक्टर, छ: नर्सिंग स्टाफ को शोकाज नोटिस जारी

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल का एक वीडियो जो सोशल मीडिया पर 5 अप्रैल के दिन वायरल हुवा था। उक्त वीडियो को कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संज्ञान में लेकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सिविल सर्जन डॉक्टर डीके शर्मा को दिए थे। जिस पर सिविल सर्जन ने डॉ. अरिहंत जैन चिकित्सा अधिकारी प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर मेल मेडिकल वार्ड, ललिता पाटीदार, कविता राठौर, उषा बहिराम, मीनाक्षी साहू, चंदा सौलकी, अर्चना पाटीदार नर्सिंग ऑफिसर बड़े चिकित्सालय मंदसौर को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

वायरल वीडियो के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि, प्रात: कालीन चिकित्सक का राउण्ड दोपहर 12:44 बजे तक नही हुआ है एवं चिकित्सक एवं स्टॉफ के द्वारा मरीजो के उपचार के राशि की माँगी की जा रही है। उक्त घटना से चिकित्सालय की छवि धुमिल हो रही है, साथ ही पूर्व मे में भी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को कई बार अवगत करवाया गया है कि किसी भी मरीज को जमीन पर नही सुलाना है, यदि मरीज की संख्या मे वृद्धि हो रही है तो उन्हे कोविड वार्ड या आई वार्ड मे शिफ्ट करके उनका उपचार किया जाए। उसके बावजूद भी इनके द्वारा मरीजो को जमीन पर रखकर उनका उपचार किया जा रहा है, उक्त नोटिस के जवाब में प्रति उत्तर समय सीमा के अंदर प्रस्तुत करेंगे। जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही होगी।

**विडियो की जाँच के लिए जांच दल गठित**–उक्त विडियो की जाँच के लिए टीम का गठन किया गया है, जांच टीम में डॉ. बी.एल. रावत शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. डी. के. पिप्पल एनेसथिसिया विशेषज्ञ, श्रीमति रश्मि चौहान सहायक ग्रेड रहेंगे। जो उक्त विडियो की जाँच कर तीन दिवस मे रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## आरोपी अरूण तीन माह के लिए जिला बदर

**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डा धिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्यद सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत एक आरोपी को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी अरूण पिता चंद्रशेखर निवासी थाना क्षेत्र मनासा को 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। जिला बदर अवधि में वह नीमच जिले की राजस्वा सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्वर सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगा। आरोपी के विरूद्ध थाना मनासा में विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज होकर विचाराधीन है।

## मतदान केंद्रों पर हर आधारभूत सुविधा का एसडीएम, सीएमओ, सीईओ स्वयं निरीक्षण करके देखें-कलेक्टर

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक एवं निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर हर तरह की आधारभूत सुविधाएं मतदाताओं को प्राप्त हो, इसके लिए एसडीएम, सीईओ, सीएमओ स्वयं निरीक्षण करके देखे। किसी भी मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधाओं को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं रहनी चाहिए। मतदान केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पंखे और छांव की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, वन मंडल अधिकारी सहित सभी जिलाधिकारी, नोडल अधिकारी मौजूद थे।



सभी मतदान केंद्रों पर विद्युत कनेक्शन शत प्रतिशत हो, इसके लिए एमपीबीई विभाग समन्वय के साथ सभी केंद्रों पर विद्युत कनेक्शन करें। विद्युत कनेक्शन के संबंध में आगामी बैठक में पुन: समीक्षा की जाएगी। सभी एसडीएम देखे की, विगत चुनाव में बीएलओ के माध्यम से कितनी मतदाता पर्ची का वितरण हुआ। कितनी शेष रह गई थी, उसकी समीक्षा करें। जिले में शत प्रतिशत एपिक कार्ड का वितरण हो इस पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम को और अधिक सक्रिय किया जाए। कलेक्टर ने उपार्जन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, खरीदी के तुरंत बाद परिवहन का कार्य भी किया जाए। परिवहन के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न की जाए। इसके साथ ही जिन भी उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं, चना, सरसों की खरीदी का कार्य चल रहा है। वहां पर व्यवस्थित तरीके से खरीदी हो।

## पशु चारा एवं भूसे के औद्योगिक उपयोग पर रोक लगाए

**नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन व्दांरा जिले की सभी औद्योगिकी इकाईयों को पशु चारे एवं भूसे के औद्योगिक उपयोग पर अविलम्ब रोक लगाने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है, कि नीमच जिलें में चारा एवं भूसा निर्यात होने से एवं औद्योगिक प्रयोग हेतु उपयोग में आने से भूसे एवं चारे की कमी होने की आशंका है। जिले में उत्पादित भूसे एवं चारा को पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं उनका संग्रहण आवश्यक है। कलेक्टतर द्वारा दिनांक 14 मार्च 2024 को आदेश जारी कर पशुओं के आहार में प्रयोग आने वाले सभी प्रकार के चारा, भूसा, घास, ज्वार आदि पशु चारे का प्रयोग ईट भट्टे, फैक्ट्री में जलाने बायलर में प्रयोग करने एवं प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात पर 30 जून 2024 तक रोक लगाई गई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने 8 अप्रेल 2024 को पत्र जारी कर जिले की सभी औद्योगिक इकाईयों को निर्देशित किया है, कि वे उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।



## मतदाता जागरूकता की साईकिल रैली निकाली

**मंदसौर, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार सत्यम के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली को डीएफओं श्री संजय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साईकिल रैली महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा से शहर के मुख्य मार्गो र्से होते हुए बीएसएनएल टॉवर अभिन्नदन मंदसौर में रैली का समापन हुआ। साईकिल रैली के दौरान साईकिल पर मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र की शान हर एक करें मतदान, आन बान और शान से सरकार बने मतदान से के नारे तख्तियों पर लिखकर मतदान के लिये जागरूक किया। रैली के समापन पश्चात मतदान की शपथ दिलाई गई। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## अंबाजी धाम निपानिया अफजलपुर में निकली कलश यात्रा

**जोगीखेड़ा, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** निपानिया अफजलपुर में श्रीमद् देवी भागवत कथा 9 अप्रैल 2024 को दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगी जिसका समापन 15 अप्रैल 2024 को होगा। कथावाचन पूज्य गुरुदेव सरकार अंबाजी धाम निपानिया अफजलपुर के मुखारविंद किया जाएगा।

आपको बता दे की 8 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश उठाकर नाचते गाते कथा स्थल पर पहुंची, कलश यात्रा प्रारंभ होने के समय एक भक्त द्वारा अंबाजी धाम पर 25 फिट लंबी त्रिशूल भेंट की। 9अप्रैल से कथा शुरू होगी जिसमें 12 अप्रैल को 101 कन्या पूजन किया जाएगा 13 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे से 11हज़ार दीपोत्सव मनाया जाएगा एवं तुम्बड मैय्या की महा आरती के पश्चात रात्रि 9 बजे भव्य भजन संध्या आयोजित होगी, 14 अप्रैल को प्रात: 9:30 बजे से 12:30 बजे तक दिव्य दरबार लगेगा जिसमें पूज्य गुरुदेव सरकार द्वारा भक्तों का पर्चा बनाया जाएगा एवं 15 अप्रैल को कथा समापन पश्चात महाप्रसादी एवम भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## वृद्धा की हत्या के बाद अफीम लूट के आरोपियों की रिमाण्ड अवधि समाप्त, जैल भेजा

**पिपलियामंडी, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गांव लसुड़िया राठौर में वृद्धा की हत्या कर अफीम लूटने के मामले में रिमाण्ड पर चल रहे चारों आरोपियों को रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेजने के आदेश हुए। जानकारी के अनुसार 27-28 मार्च 2024 की रात्रि गांव लसुड़िया राठौर में वृद्धा चन्द्रकुंवर पति समन्दरसिंह की हत्या के बाद 4 किलो 310 ग्राम अफीम लूट ले जाने के मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद 7 दिन बाद 5 अप्रेल को हत्या के आरोप में चावली निवासी दशरथ पिता ओमप्रकाश जाट, अनिल पिता नाथूलाल बावरी, किशोरदास पिता हीरादास बैरागी व हरमाला निवासी राहुल पिता रमेशचन्द्र बावरी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को कोर्ट ने 2 दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा था। रिमाण्ड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ की गई। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि लूट की अफीम 4 किलो 310 ग्राम ही थी, इसके अलावा कोई बरामदगी नही हुई है। मामले में आरोपियों के साथ अन्य कोई आरोपी के शामिल होने की बात भी सामने नही आई है। अन्य वारदातों में शामिल होने के संबंध में पूछताछ की गई थी, लेकिन कोई रिकार्ड नही मिला है। रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद आरोपियों को सोमवार को पुन: कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेजने के आदेश हुए।

## अवैध शराब के साथ 6 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने क्रमश: 15-15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ रातीतलाई निवासी रीनाबाई व तन्नू, शक्करखेड़ी निवासी सम्पतबाई को 48-48 क्वार्टर के साथ क्रमश: हिंगोरिया बड़ा निवासी राहुल पिता प्रहलाद बागरी व मोहनलाल पिता रोड़ीलाल बागरी, खूटी निवासी अमरलाल पिता मांगीलाल बलाई को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## देश को सशक्त और विकास की राह पर ले जाने का कार्य मोदी सरकार ने किया-सुधीर गुप्ता

### सांसद सुधीर गुप्ता ने जावद मंडल के ग्रामों में जनसंपर्क कर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया

**मंदसौर/नीमच, 8 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार ने देश को सशक्त और विकास की राह पर ले जाने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने ना सिर्फ देश के हर सेक्टर में विकास कर देश की तस्वीर बदली। कई ऐसी योजनाएं है जो जनकल्याणकारी होने के साथ क्षेत्र में बड़े बदलाव की गारंटी है। उक्त बात भाजपा लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद सुधीर गुप्ता ने जावद विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही। सांसद गुप्ता ने जनसंपर्क के दौरान एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।



सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने जावद मंडल के ग्राम केसरपुरा, नयागांव, खोर, दामोदरपुरा, सरवानिया मसानी, हनुमंतिया, अठाना, तुम्बा, ढाणी, गुर्जर खेडी साखंला, सरोद, तारापुर, उम्मेदपुरा , जावद, बरखेडा कामलिया एवं सुवाखेड़ा सहित अन्य ग्रामों में जनसंपर्क कर देश सशक्त व विकास की ओर बढ़ाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की। उन्होने कहा कि पिछले 10 वर्षो में संसदीय क्षेत्र में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित हुए है। संसदीय क्षेत्र को दो मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांति आई। आज पीएम श्री व सीएम राईज स्कूल से आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। वहीं नल जल योजना का हर गांव को मिले इस हेतु प्रयास किए और आने वाले समय में माताओं बहनो को पानी के लिए कही भटकना नही पडेगा। इसी के साथ ही आवास योजना से जहां हर गरीब के सिर पर छत मिली मो महिलाओं को उज्ञवला योजना से धुएं से मुक्ति मिली। इसी के साथ ही आयुष्मान योजना के तहत गरीब को उपचार हेतु 5 लाख की सहायता मिल रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र व हर वर्ग के नागरिकों का विकास किया है। पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि मोदी सरकार ने मोदी सरकार अपने 10 साल के कार्यकाल में सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार किया है। गरीब, युवाओं, अन्नदाता और महिलाओं को आगे बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए हैं। देशभर में कई योजनाओं के जरिए 11 करोड़ से अधिक किसानों को सरकार ने मदद पहुंचाई है। इसके अलावा मोदी सरकार की योजनाओं के माध्यम से 18 क्षेत्रों में कारीगरों को सहायता मिल रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खपत में सुधार हुआ है। संसदीय क्षेत्र में भी पिछले 10 वर्षो में हर सेक्टर में विकास कार्य हुआ है। रेलवे, सिंचाई, पेयजल सहित अन्य बड़ी योजनाओं का कार्य हुआ है। क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है।

जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्षो के कार्यकाल में देश को नई उंचाईयो पर पहुंचाया है। हम 400 पार के संकल्प को लेकर दृढद्य संकल्पित है। जनता जिस प्रकार से आशीर्वाद दे रही है उससे प्रतित होता है कि हम इस संकल्प को पूरा करने रहेंगे और इस रिकार्ड सीटे लाकर मोदी सरकार बनाएंगे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, देवलुत्य कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**अठाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता**–मोदी सरकार की नीतियों, विजन विकासवादी सोच से प्रभावित होकर सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम अठाना में छोटु भाई एवं शौकत भाई ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होने कहा कि हमने कांग्रेस की सरकार भी देखी है और मोदी सरकार का 10 वर्ष का विकास। बिना भेदभाव के विकास कार्य हुए है। आज जनता को सीधे कई योजनाओं का लाभ मिल रहा।

**कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 08.04.2024

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अमृतराम पिता नंदा जाति गायरी, निवासी ग्राम मगराना तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय मकान नंबर-416, वार्ड नंबर-10, ग्राम पंचायत मगराना, पटवारी हल्का नंबर 68, आबादी क्षेत्र, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर का सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249402024ए1446601 दिनांक 08.04.2024 से अपनी पत्नि श्रीमती सुगना बाई पति अमृतराम जाति गायरी, निवासी ग्राम मगराना तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को अपना सह स्वामित्व को बनाया है। उक्त मकान की चर्तु सीमा निम्नवत है-

पूर्व में - बापूलाल, पश्चिम में - भेरूलाल, उत्तर में- आम रास्ता, दक्षिण में - रास्ता, कुल क्षेत्रफल-409.50 वर्गफीट या 38.04 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर अमृतराम पिता नंदा जाति गायरी द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in